# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

**चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा** **दशम् (मॉनसून) सत्र**

**संख्या-01** **मंगलवार, दिनांक-08 अगस्त, 2017 ई०।**

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.35 बजे पूर्वा० तक।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

**1.प्रारंभिक वक्तव्य:-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दशम् (मॉनसून) सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन किया गया। पावन श्रावण मास में सम्पन्न महत्त्वपूर्ण एवं पवित्र रक्षा बन्धन के त्योहारोपरांत सदन में सभी माननीय सदस्यों से अपेक्षा की गयी कि इस मधुर त्योहार की मधुरता सत्र पर्यन्त बनी रहेगी। अभी-अभी नवनिर्वाचित माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविन्द एवं उप राष्ट्रपति, श्री वेंकैया नायडू, पूर्व राष्ट्रपति, माननीय, श्री प्रणव मुखर्जी एवं निवर्त्तमान उप राष्ट्रपति, माननीय, श्री हामिद अंसारी के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की गयी और इनके व्यक्तित्वों के सम्बन्ध में विस्तार से सदन को आसन द्वारा अवगत कराया गया तदुपरांत आसन्न सत्र के दौरान सदन के महत्त्वपूर्ण एजेंडों से अवगत कराते हुए पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की गयी।

**2.सभापति तालिका की घोषणा:-**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-10 (1) के अधीन निम्नांकित माननीय सदस्यों को **दशम् (मॉनसून) सत्र** के लिए सभापति के रूप में मनोनीत करने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | |
|---|---|
| श्री स्टीफन मराण्डी, | स० वि० स० |
| श्री अशोक कुमार, | स० वि० स० |
| श्री फूलचन्द मण्डल, | स० वि० स० |
| श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स० |
| श्रीमती गीता कोड़ा, | स० वि० स०। |

**3.समिति का गठन:-**

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224 (1) के अधीन चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के **दशम् (मॉनसून) सत्र** के लिए कार्यमंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिनेश उरांव | अध्यक्ष | सभापति, |
| श्री रघुवर दास | मुख्यमंत्री, | सदस्य, |
| श्री हेमन्त सोरेन | नेता, प्रतिपक्ष, | सदस्य, |
| श्री सरयू राय | संसदीय कार्य मंत्री | सदस्य, |

कृपया पृष्ठ उल्टें

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी | मंत्री, | सदस्य, |
| श्री आलमगीर आलम | स० वि० स०, | सदस्य, |
| श्री प्रदीप यादव | स० वि० स०, | सदस्य। |

**विशेष आमंत्रित सदस्य**

| | |
|---|---|
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | मंत्री, |
| श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा | मंत्री, |
| श्री राधाकृष्ण किशोर | मुख्य सचेतक (सत्तापक्ष) |
| श्री नलिन सोरेन | मुख्य सचेतक (प्रतिपक्ष) |
| श्री स्टीफन मराण्डी | स० वि० स०, |
| श्री सुखदेव भगत | स० वि० स०, |
| श्री रवीन्द्रनाथ महतो | स० वि० स०, |
| श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी | स० वि० स०, |
| श्री बिरंची नारायण | स० वि० स०, |
| श्री अरूप चटर्जी | स० वि० स०, |
| श्रीमती गीता कोड़ा | स० वि० स०, |
| श्री राजकुमार यादव | स० वि० स०, |
| श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता | स० वि० स०, |
| श्री अनंत कुमार ओझा | स० वि० स०। |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। सभा की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद उक्त समिति की बैठक अध्यक्षीय कार्यालय में आहूत होने की सूचना आसन द्वारा समिति के माननीय सदस्यों को देते हुए उनसे उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया।

## 4.औपचारिक कार्य:-

भारतीय संविधान के अनुच्छेद-213 के खण्ड-2(क) के अनुसरण में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित निम्नांकित अध्यादेश की एक प्रति माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा सभा पटल पर रखी गयी-

क्रम संख्या — अध्यादेश का नाम एवं संख्या

i- झारखण्ड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (संशोधन) अध्यादेश, 2017 (अध्यादेश संख्या-01/2017),

ii- झारखण्ड मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) अध्यादेश, 2016 (अध्यादेश संख्या-02/2017)।

इसके उपरांत विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की विवरणी सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखी गयी जिसपर राज्यपाल महोदया द्वारा अनुमति प्रदान की गयी और जिसकी सूचना चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के नवम्(विशेष) सत्र की समाप्ति के उपरांत प्राप्त हुई है:-

कृपया पृष्ठ उल्टें

माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा अनुमत विधेयकों की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड पर्यटन स्थल (संरक्षण एवं रख-रखाव)(संशोधन) विधेयक, 2016 | 20.04.2017 | 11/2017 |
| 2. | झारखण्ड माल एवं सेवा कर विधेयक, 2017 | 15.06.2017 | 12/2017 |
| 3. | सरला बिरला विश्वविद्यालय विधेयक, 2017 | 12.06.2017 | 13/2017 |
| 4. | अरका जैन विश्वविद्यालय विधेयक, 2017 | 31.05.2017 | 14/2017 |
| 5. | वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय विधेयक, 2017 | 12.06.2017 | 15/2017 |

## 5.सदन पटल पर कागजात का रखा जाना:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन के नियम-244(2) के अधीन माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा कृत कार्रवाई प्रतिवेदन की एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

## 6.आसन से सूचना:-

आज सदन की कार्यवाही समापन के उपरांत नये विधान सभा परिसर में होनेवाले वृक्षारोपन कार्यक्रम के सुअवसर पर सभी माननीय सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु आसन द्वारा आग्रह किया गया।

## 7. शोक प्रकाश:-

विगत सत्र से लेकर अबतक की अवधि में अनेक महत्त्वपूर्ण राजनेता एवं समाजसेवी तथा अन्य कतिपय व्यक्ति हमारे बीच से रुखसत हो गये जिनमें स्व० संतोष मोहन देव, एन. धर्मसिंह, विनोद खन्ना, पी. गोवर्द्धन रेड्डी, बद्रीनारायण लाल, अनिल माधव दवे, प्रो० यशपाल, पी.एन. भगवती, लीला सेठ एवं के.पी.एस. गिल, रामचन्द्र राव, अभिनेत्री, रीमा लागू, अमरनाथ यात्रा के दौरान आतंकी हमले में मारे गये तीर्थ यात्रियों, श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त बस में 17 तीर्थयात्रियों की मृत्यु, बिहार में ठनका की चपेट में आने से 26 लोगों की मृत्यु, अनंतनाग में आतंकी हमले में छः जवानों की शहादत, बरेली बस दुर्घटना में 26 लोगों की मृत्यु, बिहार में काल बैसाखी के प्रकोप से हुये अनेक लोगों की मृत्यु तथा बादल फटने के कारण विनाशकारी बाढ़ से देश के विभिन्न हिस्सों में मृत व्यक्तियों के प्रति आसन द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गयी तत्पश्चात् बारी-बारी से पुकारे जाने पर माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय मंत्री, श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी, माननीय सदस्य, श्री आलमगीर आलम, श्री भानू प्रताप शाही, श्रीमती गीता कोड़ा, श्री राज कुमार यादव एवं माननीय सदस्य, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गयी तदुपरांत दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक-09, अगस्त, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी ।

रॉंची,
दिनांक- 08, अगस्त, 2017 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,